संपादकीय

करिश्माई निशानेबाज हैं मोदी!

कृष्णमोहन झा/

देश में लोकसभा चुनाव अभियान जोर पकड़ने लगा है। अत एव केन्द्र की सत्ता में आसीन बीजेपी और विरोधी दलों के मध्य आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला भी अब चरम पर है। विपक्ष बिखरा हुआ है इसलिये विभिन्न विपक्षी दलों के नेता अपने-अपने तरीके से भाजपा एवं मोदी सरकार पर निशाना साध रहे है। यूपी में सपा, बसपा एवं रालोद का महागठबंधन जब मोदी सरकार पर निशाना साधता है तो उसकी नजरें अपने निशाना पर कम और कांग्रेस पर अधिक टिकी होती हैं कि कहीं कांग्रेस का निशाना सही न बैठ जाए। यही हाल कांग्रेस का भी है उसे भी यही चिंता सता रही है कि सपा, बसपा और रालोद कहीं निशानेबाजी में उससे आगे न निकल जाएं। नतीजा यह है कि यह दोनों ही खेमे मोदी सरकार पर निशाना साधने में नाकाम साबित हो रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी जब उत्तरप्रदेश में निशाना साधते-साधते थक गए तो केरल जाकर मोदी सरकार पर निशाना साधने लगे। वहीं यूपी की जिम्मेदारी अपनी बहन प्रियंका गांधी पर डाल दी। प्रियंका गांधी को लगा कि गंगा की लहरों के बीच नाव पर बैठकर मोदी सरकार पर कहीं बेहतर निशाना साधा जा सकता है सो उन्होंने वाराणसी तक गंगा की लहरों पर नौकायन करते हुए मोदी सरकार पर खूब निशाना साधे। अब प्रियंका गांधी मोदी सरकार पर निशाना साध रही हैं तो मायावती को लग रहा है कि वह कनफ्यूजन पैदा कर रही हैं। प्रियंका गांधी कहती हैं कि हम सबके निशाने पर केवल मोदी सरकार है, इसमें कनफ्यूजन की कौन सी बात है लेकिन मायावती कह रही हैं कि नहीं आप जनता को कनफ्यूज कर रही है। सारे विरोधी इतने कनफ्यूज्ड हैं कि जनता को उन पर रहम आने लगा है। विरोधी नेता इस हकीकत को जान बूझकर नजरअंदाज करना चाहते हैं कि ये पब्लिक है, सब जानती है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी की है। उनको यह कनफ्यूजन था कि वह पश्चिम बंगाल में यूनाइटेड इंडिया रैली में 20 से अधिक विपक्षी दलों के नेताओं के सामने अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगी तो सारे विपक्षी नेता एक स्वर से कहेंगे कि दीदी आप भावी प्रधानमंत्री हो, हम आपको अपना सर्वसम्मत नेता मानते हैं परंतु रैली में शामिल किसी भी विरोधी दल के नेता ने ऐसा नहीं बोला और तब दीदी का नाराज होना स्वाभाविक था।

उन्होंने गुस्से में कहा कि बीजेपी से तो बाद में निपटेंगे, पहले तृणमूल कांग्रेस से कांग्रेस शब्द हटाएंगे। उधर राहुल गांधी भी नाराज हो गए वे मोदी सरकार पर निषाना साधते-साधते ममता सरकार पर निशाना साधने लगे। वाममोर्चा तो अब इस हालत में ही नहीं है कि निशाना साधने का साहस जुटा सके।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने एक दूसरे पर निशाना साधते-साधते भारतीय जनता पार्टी को राज्य में अपने पैर जमाने का मौका दे दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कांग्रेस से कह रहे हैं कि चलो आम आदमी पार्टी के साथ आ जाओ, मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधेंगे।

पहले कांग्रेस को लगा कि यह फायदे का सौदा है लेकिन बाद में वह बिदक गई।उसने कहा कि तुम अपने खेमे से निशाना लगाओ और हम अपने खेमे से निशाना लगाएंगे। नतीजा यह हुआ कि दोनों के बीच एक दूसरे के आयुधों की छीना झपटी प्रारंभ हो गई। यही हाल दूसरे प्रदेशो का भी है। बिहार में नीतीश बाबू पहले अपने बड़े भाई लालू यादव के साथ मिलकर मोदी सरकार पर निशाना साध रहे थे फिर उन्हें लगा कि मोदी जी तो भले आदमी हैं इसलिये मोदी जी पर निशाना साधने की भूल नहीं करना चाहिए। सो वे एक दिन सारे आयुध फेंककर प्रधानमंत्री मोदी के साथ जा खड़े हुए। मोदी जी ने उन्हें गले लगा लिया।दोनों के मन का मैल धुल गया। अब आरजेडी से कांग्रेस कह रही है कि हमें अपने साथ ले लो, हमारा निशाना देखो परंतु लालू यादव ने कहा कि तेजस्वी से बात करो। तेजस्वी यादव का कहना है कि कांग्रेस का निशाना सही नहीं बैठता इसलिये उस पर ज्यादा भरोसा नहीं किया जा सकता। उधर शत्रुधन सिन्हा की भी अपनी एक कहानी है, वे पांच साल से भाजपा में रहकर भी अपनी सरकार पर निशाना साध रहे थे। समझ में ही नहीं आ रहा था कि वे भाजपा में हैं कि राजद के साथ हैं या कांग्रेस उन्हें भा गई है। लिहाजा जब टिकट वितरण हुआ तो भाजपा ने उनसे कह दिया कि जाओ कहीं और जाकर निशानेबाजी करो। बिहारी बाबू कांग्रेस वालों के पास पहुंचे और बोले के मुझे अपनी पार्टी में ले लो, मैं बहुत अच्छा निशानेबाज हूं। आखिरकार कांग्रेस ने उन्हें पटना साहिब से टिकट दे ही दिया। पंजाब में कांग्रेस की सरकार है। विधानसभा चुनावों के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू भाजपा के खेमे में बैठकर कांग्रेस पर दिन रात निशाना साधते रहते थे।

गूगल पे ग्राहकों के लिए लाया नई सर्विस

अब एप की मदद से खरीद और बेच सकते हैं सोना

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय यूजर के लिए गूगल पे को अधिक उपयोगी बनाने के मकसद से एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया के साथ साझेदारी की घोषणा की, जिससे अब भारतीय यूजर एप के जरिए सोने की लिवाली और बिकवाली कर सकते हैं।एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त धातु व खनन सेवा प्रदाता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, भारत की एकमात्र एलबीएमए प्रत्यायित सोने की रिफानरी के साथ साझेदारी के बाद गूगल पे के यूजर 99.99 फीसदी यानी 24 कैरट का सोना खरीद सकते हैं। साथ ही, गूगल पे

यूजर किसी भी मूल्य का सोना खरीद सकते हैं, जिसे एमएमटीसी-पीएएमपी द्वारा उनकी ओर से सुरक्षित खजाने में रखा जाएगा। यूजर गूगल पे एप पर प्रदर्शित हर मिनट बदलने वाली अद्यतन कीमतों पर किसी भी समय सोना खरीद और बेच सकते हैं।

गूगल पे इंडिया के निदेशक (उत्पाद प्रबंधन) अंबरीश केंघे ने कहा, सोना भारतीय संस्कृति और परंपराओं में अहम स्थान रखता है। यही कारण है कि भारत दुनिया में सोने का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने सोने की खरीदारी व बिक्री के लिए गूगल पे पर फीचर पेश किया है जिसका उपयोग लाखों भारतीय कर सकते हैं। वे जब चाहें और जहां चाहें मोबाइल फोन से सोना खरीद सकते हैं।

अल्टो के10 में जुड़े कई सेफ्टी फीचर्स, कीमत 27 हजार तक बढ़ी

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी ने देशभर में अपने अल्टो के10 मॉडल की कीमत बढ़ा दी है। कम्पनी ने एआईएस-145 सेफ्टी नार्म्स के तहत सेफ्सी फीचर्स को जोड़ने के बाद इस मॉडल की कीमत में वृद्धि की है। बढ़ी हुई कीमतें गुरुवार से लागू होंगी। नए फीचर्स जुड़ने के बाद अल्टो के10 की कीमत (दिल्ली में एक्स शोरूम) करीब 27 हजार रुपये तक बढ़ गई है।

कम्पनी ने अपने बयान में कहा, अल्टो के10 अब एआईएस-145 सेफ्टी नार्म्स से लैस है। इससे इसे सभी वेरिएंट्स की कीमतों में वृद्धि की जा रही है। दिल्ली में इस मॉडल के वेरिएंट्स की कीमत 3.64 लाख रुपये से लेकर 4.44 लाख रुपये तक होंगी। कम्पनी के मुताबिक देश के बाकी शहरों में इस मॉडल के वेरिएंट्स की कीमतें 3.75 लाख रुपये से लेकर 4.54 लाख रुपये तक होंगी।

संकट में घिरी जेट की ओर एतिहाद ने बढ़ाया हाथ

मुंबई (आरएनएस)। एतिहाद एयरवेज ने जेट एयरवेज में अपना हिस्सा बढ़ाने के लिए बोली दी है। मामले से वाकिफ तीन लोगों ने बताया कि एतिहाद ने गुरुवार को एक्सपेंशन ऑफ इंटरेस्ट जमा किया। इससे जेट को कर्ज देने वाले बैंकों को कुछ राहत मिली, जो इसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं। जेट को अपना पूरा अंतरराष्ट्रीय कामकाज बंद करने पर मजबूर होना पड़ा है। बैंक एतिहाद को समझाने में जुटे थे कि वह मेजॉरिटी स्टेक के लिए बोली लगाए। एतिहाद के पास जेट का 24 प्रतिशत हिस्सा है और वह इससे ज्यादा शेयर नहीं खरीदना चाहती थी। मार्च में उसने बैंकों से कहा था कि वह अपना

हिस्सा नहीं बढ़ाएगी। उसने कहा था कि बैंक चाहें तो उसका हिस्सा 150 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खरीद लें।

एतिहाद से पहले बुधवार को कुछ बिडर्स ने बोली जमा की थी। बोली देने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 12 अप्रैल की गई है। गुरुवार को यह अटकल भी लगाई जा रही थी कि जेट के फॉर्मर चेयरमैन और एमडी नरेश गोयल एक विदेशी एयरलाइन के साथ मिलकर जेट को खरीदने की पेशकश कर सकते हैं। इसकी पुष्टि गोयल से नहीं की जा सकी, लेकिन ऐसे किसी भी कदम से जेट अपने दो बड़े शेयरहोल्डर्स की लड़ाई का मैदान बन जाएगी। इससे यह सवाल भी उठेगा कि पिछले साल जब समस्याएं सामने आईं तो उसके बाद इन दोनों में से किसी ने भी जेट में पैसा क्यों नहीं लगाया।

एतिहाद के प्रवक्ता ने कहा कि वह अटकलों पर कमेंट नहीं करेंगे। यह साफ नहीं है कि एतिहाद दी गई बोली में किसी के साथ पार्टनरशिप का जिक्र किया है या नहीं।

10 और विमान हुए ग्राउंडेड-अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द

जेट एयरवेज को झटका

मुंबई (आरएनएस)। वित्तीय संकट से जूझ रही निजी विमान सेवा कंपनी जेट एयरवेज के 10 और विमान ग्राउंडेड हो गये हैं तथा कंपनी ने अपनी सभी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें फिलहाल रद्द कर दी हैं। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि नकदी संकट के कारण किराये की राशि नहीं चुकाने की वजह से विमान किराया पर देने वाले पट्टेदारों ने उसके 10 और विमान ग्राउंडेड कर दिये हैं।

इस प्रकार उसके बेड़े में परिचालन में मौजूद विमानों की संख्या घटकर 20 से कम रह गयी है।

एयरलाइंस के सूत्र ने बताया कि परिचालन को लेकर आज देर शाम यहाँ एक बैठक हुई। एक अन्य सूत्र ने बताया कि कंपनी ने कम से कम शुक्रवार सुबह तक के लिए देश से बाहर जाने वाली सभी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द करने का फैसला किया है। हालाँकि, जो विमान देश से बाहर हैं वे वापसी की उड़ान भरेंगे।इससे पहले कंपनी ने शुक्रवार की मुंबई कोलकाता और कोलकाता गुवाहाटी उड़ानें रद्द करने की भी जानकारी दी है।

आज का राशिफल

मेषः परा म में वृद्धि का दिन, रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। यात्रा से लाभ होगा। भाइयों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। तीर्थ दर्शन से मन प्रसन्न होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृषभः शेयर आदि जोखिमपूर्ण कार्य में सोच-समझकर ही पहल करें। वाणी के प्रदर्शन से धर्नाजन अथवा रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

मिथुनः आज शत्रुओं पर आपकी विजय सुनिश्चित है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ का योग है।

कर्कः खर्च के योग बन रहे हैं, सोच-समझकर ही धन-निवेश करें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें, यात्रा से परहेज करें।

सिंहः आज जो भी कार्य करेंगे, उसमें पूर्ण लाभ की संभावनाएं हैं। मन प्रसन्न रहेगा, धन निवेश में लाभ का प्रबल योग है।

कन्याः कार्य व्यापार में उन्नति का दिन, आज किया हुआ कार्य फायदा देगा। साथ ही आपको सफलता भी दिलाएगा।

तुलाः भाग्य आज आपका साथ देने को बेताब है। कर्म करते जाएं और सबकुछ भाग्य पर छोड़ दें। कार्य में सफलता, मान-सम्मान वृद्धि का योग बन रहा है।

वृश्चिक आज यात्रा करने से परहेज करें। किसी से अनावश्यक वाद-विवाद अथवा चोट-चपेट की घटना चिंताओं का कारण हो सकती है।

धनुः उन्नति दायक दिन, जीवनसाथी अथवा किसी प्रिय व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। मन प्रसन्न रहेगा, रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे।

मकरः रुका हुआ धन प्राप्त होगा, अचानक कोई शुभ समाचार मिलेगा। शत्रु एवं विरोधी आपसे दूर भागेंगे।

कुंभः बुद्धि के बल पर कार्य बनेंगे और कुछ कार्य बिगड़ भी सकते हैं, अतः सोच-विचारकर बुद्धि बल का प्रयोग करें।

मीनः आज वाणी पर नियंत्रण रखें रखेंगे तो दिन सुख-शांति से बीतेगा। अन्यथा किसी व्यक्ति से वाद-विवाद के कारण मन दुखी रह सकता है।

सिंगापुर ओपन में पी.वी. सिंधु का दमदार प्रदर्शन जारी

सेमीफाइनल में बनाई जगह

सिंगापुर। शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु ने शुक्रवार को यहां दमदार प्रदर्शन करते हुए सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ओलम्पिक रजत पदक विजेता और चौथी सीड सिंधु ने 355,000 अमेरिकी डॉलर वाले इस टूर्नामेंट के चार्टर फाइनल में चीन की काई यानयान को 21-13, 17-21, 21-14 से पराजित किया। दोनों खिलाडियों के बीच यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। वर्ल्ड रैंकिंग में छठे पायदान पर काबिज सिंधु का चीन के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहला मैच था और इसे जीतने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पहले गेम में हालांकि, सिंधु ने एकतरफा जीत दर्ज की। यानयान ने दूसरे गेम में दमदार शुरुआत की और भारतीय खिलाड़ी को परेशानी में डाला।

सिंधु इस गेम में कभी भी यानयान को पीछे नहीं कर पाई और मैच बराबर हो गया। सिंधु ने तीसरे और निर्णायक गेम में अपने अनुभाव का उपयोग करते हुए 21-14 से जीत दर्ज की और अंतिम-4 में प्रवेश करने में सफल रही। सेमीफाइनल में भारतीय खिलाड़ी का सामना वर्ल्ड नंबर-3 जापान की नोजोमी आकुहारा से होगा जिन्होंने चार्टर फाइनल में छठी सीड भारत की सायना नेहवाल को 21-8, 21-13 से करारी शिकस्त दी।

टीम को अपनी गलतियों से सीखना होगा : धोनी

जयपुर(आरएनएस)। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को चार विकेट से जीत दर्ज करने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उनकी टीम मैच के दौरान की गई गलतियों से बहुत कुछ सीख सकती है। धोनी ने कहा, मैच बहुत कड़ा था और राजस्थान को श्रेय देने की जरूरत है। वे अच्छा स्कोर खड़ा कर सकते थे बस कुछ रनों से

चूक गए, लेकिन उन्होंने हमारी बल्लेबाजी पर दबाव बनाया। वे आखिरी ओवर तक ऐसा करने में कायम रहे। धोनी चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी इस मैच में की गई गलतियों से सीखें। उन्होंने कहा, इस तरह के मैच जीतने के बाद आप बहुत कुछ सीखते हैं। जीत का जश्न बनाना जरूरी है।

नो बाल से नाराज धोनी मैदान में उतरे, लगा जुर्माना

जयपुर (आरएनएस)।आईपीएल के 12वें सीजन का 25वां मैच राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का एक अलग ही रूप देखने को मिला। मौजूदा आईपीएल के 25वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने जीत दर्ज की, लेकिन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आचार संहिता के उल्लंघन के दोषी पाए गए तथा उन्हें मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मैच के दौरान अंपायर द्वारा लिया गया फैसला आखिरी फैसला माना जाता है ऐसे में धोनी का गुस्से में उठकर मैदान में आना अच्छा इशारा नहीं है।

कद्दू की बर्फी

अभी तक आपने कद्दू की सिर्फ सब्जी खाई होगी लेकिन आज हम आपसे शेयर करेंगे कद्दू से बनने वाली बर्फी की रेसिपी। खास त्योहारों पर इन्हें बनाएं और दें हर सरप्राइज ट्रीट।

सामग्री :

कद्दू - 1 कप, घी - 4 टीस्पून, चीनी- 200 ग्राम, मावा- 200 ग्राम, बादाम-1 टीस्पून (बारीक कटा), काजू-1 टीस्पून (बारीक कटा), पिस्ता- 1 टीस्पून (बारीक कटा), हरी इलायची- 4-5 छीलकर (कूटी हुई)

विधि :

कद्दू की बर्फी बनाने के लिए सबसे पहले कद्दू को छीलकर साफ कर लें। फिर इसे कद्दूकस कर लें या फिर इसके छोटे छोटे टुकड़े कर लें। इसके बाद कड़ाही में घी डालकर गरम करें। फिर इसमें कद्दू डालकर धीमी आंच पर छह या सात मिनट तक पका लें। जब कद्दू अच्छे से पक जाए तब इसमें चीनी डालें और लगातार चलाते हुए दो मिनट तक भून लें। अब इसमें और 2 टीस्पून घी डालें और एक मिनट तक भून लें, फिर इसमें मावा डालकर पांच मिनट तक लगातार चलाते हुए दो से तीन मिनट तक पका लें।

अब गैस बंद कर दें और इसमें बादाम, पिस्ता, काजू और इलायची पाउडर डालकर मिक्स करें।अब एक थाली लें और उसमें घी लगाकर चिकना कर लें. फिर इसमें कद्दू का मिक्सचर डालकर चारों ओर फैला लें। इसे 1 घंटे तक जमने के लिए छोड़ दें। एक घंटे बाद चाकू से इसे छोटे टुकड़ों में काट कर सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-32

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 31 का हल

ग	ल	त	■	■	■	खा	म	खाँ
णे	■	ल	■	झ	प	की	■	■
श	र	ब	त	■	रं	■	■	मि
■	ज	गा	ना	■	प	रा	का	ष्ठा
■	नी	र	■	वि	रा	ज	मा	न
ना	च	■	■	प	■	■	य	■
म	र	णा	स	न्न	■	पा	नी	■
ची	■	■	प	■	पा	■	■	भो
न	ज	रा	ना	■	स	मा	चा	र

सू-दोकू-32

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.31का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5